1-Defence Minister Rajnath Singh and UP CM Yogi Adityanath jointly laid foundation stone of Brahmos missile manufacturing unit and DRDO lab in Lucknow.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त रूप से लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई और डीआरडीओ लैब की आधारशिला रखी।

2-World's largest and most powerful space telescope has been launched successfully into orbit to make breakthrough discoveries on the origins of the Universe and Earth-like planets beyond our solar system. The James Webb Space Telescope, NASA's premier space observatory of the next decade, launched in an Ariane rocket from the European Space Agency's base in French Guiana.

विश्व की सबसे बड़ी और शक्तिशाली अंतरिक्ष दूरबीन को ब्रह्मांड और सौर मंडल से परे पृथ्वी जैसे ग्रहों की उत्पत्ति पर महत्वपूर्ण खोजों के लिए सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप, नासा की अगले दशक की प्रमुख अंतरिक्ष वेधशाला, फ्रेंच गुयाना में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बेस से एरियन रॉकेट में लॉन्च की गई।

3-The former Urdu newsreader of All India Radio, Waheed Qureshi passed away in New Delhi. He was 79.

ऑल इंडिया रेडियो के पूर्व उर्दू समाचार वाचक वहीद कुरैशी का नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।

4-Prime Minister Narendra Modi has announced that the COVID-19 vaccination for children aged 15-18 years will start from 3rd of next month.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 से 18 वर्ष के बच्चों का कोविड टीकाकरण अगले महीने की तीन तारीख से शुरू किये जाने की घोषणा की है।

5-Bharat Biotech's COVID-19 vaccine 'Covaxin' has received approval for Emergency use in children between 12 to 18 years of age.

भारत बायोटेक के कोविड टीके को-वैक्सीन को 12 से 18 वर्ष के बच्चों में आपात उपयोग की अनुमति मिल गई है।

6-Uttar Pradesh government launched the distribution of tablets and smartphones to 1 crore students, to mark the birth anniversary of former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee.

उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 1 करोड़ विद्यार्थियों को टेबलेट और स्मार्ट फोन देने की शुरूआत की।

7-Former India cricketer Yuvraj Singh's iconic bat has become the first minted NFT ever to be sent in orbit. A hot-air balloon was launched from earth to orbit, carrying Yuvraj's bat, which he used to hit his first-ever century in the 2003 ODI match against Bangladesh in Dhaka.

भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह का ऐतिहासिक बल्ला अंतरिक्ष में भेजे जाने वाला अब तक का पहला बल्ला बन गया है। युवराज के उस बल्ले को पृथ्वी से अंतरिक्ष में भेजा गया, जिसका इस्तेमाल उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2003 के एकदिवसीय मैच में अपना पहला शतक लगाने के लिए किया था।

8-For 2022, brokerage house HDFC Securities has given a 'buy' call for stocks in Aditya Birla Capital, Gail India, Hindustan Zinc, Ipca Labs, Mahindra & Mahindra, Max Financial, Max Healthcare, State Bank of India, Tech Mahindra and Zee Entertainment.

ब्रोकरेज हाउस एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने वर्ष 2022 के लिए इन 10 शेयरों- आदित्य बिड़ला कैपिटल, गेल इंडिया, हिंदुस्तान जिंक, इप्का लैब्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मैक्स फाइनेंशियल, मैक्स हेल्थकेयर, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा और जी एंटरटेनमेंट को 'बाय' कॉल दी है।

9-GMR Airports Netherlands, a step-down subsidiary of GMR Airports, has entered into shareholders' agreement and share subscription agreement for operating the Kualanamu International Airport in Indonesia's Medan.

जीएमआर एयरपोर्ट्स नीदरलैंड्स, जीएमआर एयरपोर्ट्स की एक स्टेप-डाउन सब्सिडियरी ने इंडोनेशिया के मेदान में कुआलानामु इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

10-Union home minister Amit Shah inaugurated the 'Bharat Darshan Park' in Delhi which showcases attractive replicas of several iconic monuments of India built with scrap and waste material.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में 'भारत दर्शन पार्क' का उद्घाटन किया, जहां बेकार चीजों और अपशिष्ट सामग्री से भारत के कई प्रतिष्ठित स्मारकों की आकर्षक प्रतिकृतियां बनाई गई हैं।